दिनांक 25 अक्टूबर 2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

बीएसपी क्षेत्र में पानी सप्लाई को लेकर निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने रहवासियों से लिया फीडबैक

भिलाई नगर/ निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे अल सुबह बीएसपी के सेक्टर क्षेत्रों में पहुंचे वहां उन्होंने सफाई कार्य का जायजा लिया, रहवासियों से गंदे पानी को लेकर चर्चा की और घरों में आने वाले पानी को देखकर लैब में जांच के लिए भेजने के निर्देश दिए! आयुक्त ने हुडको के वार्ड क्रमांक 69 एवं 70 का भी निरीक्षण किया सड़क किनारे पड़े हुए कचरे को स्वयं उपस्थित रहकर स्वच्छता कर्मचारियों का हौसला बढ़ाते हुए हटवाने की कार्रवाई की। सफाई व्यवस्था को लेकर उन्होंने आसपास के रहवासियों से फीडबैक लिया। उन्होंने मॉर्निंग विजिट में गौठान एवं शौचालय का निरीक्षण किया। वार्ड क्रमांक 3 कोसा नगर के सतनाम बस्ती पहुंचे , गली-गली और मोहल्ला का निरीक्षण किए कुछ स्थानों पर नालियों में अतिक्रमण पाया गया जिसे तोड़कर नाली की संपूर्ण ने सफाई करने के निर्देश उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दिए। कुछ स्थानों पर उन्होंने स्वयं खड़े रहकर नाली सफाई करवाई। अमृत मिशन योजना अंतर्गत पानी सप्लाई को लेकर उन्होंने घर मालिकों से बात की और डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन कार्य की प्रगति देखी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर निगम आयुक्त लगातार वार्ड के गली मोहल्ले का औचक निरीक्षण सुबह-सुबह कर रहे हैं और लापरवाही मिलने पर कार्रवाई भी कर रहे है। अवकाश के दिनों में भी निगम आयुक्त निरंतर दौरा कर रहे हैं।

जनसंपर्क अधिकारी